दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 171 मुरादाबाद 16 October 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## PM मोदी बोले- आसान हो कानून की भाषा, गरीब भी समझे, मातृभाषा पर जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानून की स्थिति और न्याय व्यवस्था को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कानून आसान और क्षेत्रीय भाषा में होने चाहिए, ताकि गरीब से गरीब व्यक्ति भी नए कानून को समझ सके। इस दौरान उन्होंने लोक अदालतों को लेकर कुछ राज्यों की तारीफ की है। पीएम ने कहा कि इन्हें जल्दी न्याय दिलाने के लिए स्थापित किया गया था। विधि मंत्रियों और विधि सचिवों के अखिल भारतीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में पीएम मोदी ने कहा, देश के लोगों को सरकार का भाव भी नहीं लगना चाहिए और देश के लोगों को सरकार का दबाव भी महसूस नहीं होना चाहिए। देश ने डेढ़ हजार से ज्यादा पुराने और अप्रासंगिक कानूनों को रद्द कर दिया है। इनमें से अनेक कानून तो गुलामी के समय से चले आ रहे हैं।



### कानून बनाते समय गरीब पर हो फोकस

शनिवार को पीएम ने कानून की आसान भाषा पर जोर दिया। उन्होंने कहा, युवाओं के लिए मातृभाषा में एकेडमिक सिस्टम भी बनाना होगा, लॉ से जुड़े कोर्सेस मातृभाषा में हो, हमारे कानून सरल, सहज भाषा में लिखे जाएं, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के महत्वपूर्ण केसेस की डिजिटल लाइब्रेरी स्थानीय भाषा में हो, इसके लिए हमें काम करना होगा।%

उन्होंने कहा, कानून बनाते हुए हमारा फोकस होना चाहिए कि गरीब से गरीब भी नए बनने वाले कानून को अच्छी तरह समझ पाएं। किसी भी नागरिक के लिए कानून की भाषा बाधा न बने, हर राज्य इसके लिए भी काम करे, इसके लिए हमें लॉजिस्टिक और इंफ्रास्ट्रक्चर का सपोर्ट भी चाहिए होगा।

### संविधान को बताया मां

कार्यक्रम के दौरान पीएम ने संविधान को सर्वोच्च बताया है। उन्होंने कहा, मारे देश की न्याय व्यवस्था के लिए संविधान ही सुप्रीम है, इसी संविधान की कोख से न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका, तीनों का जन्म हुआ है। सरकार हो, संसद हो, हमारी अदालतें हों, ये तीनों ही संविधान रूपी माता की संतान हैं।

### चुनावी तैयारियों में व्यस्त

फिलहाल, पीएम मोदी गुजरात और हिमाचल प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे हुए हैं। वह लगातार दोनों राज्यों का दौरा कर रहे हैं। उनके अलावा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने हिमाचल प्रदेश में तारीखों का ऐलान कर दिया है। राज्य में 12 नवंबर को मतदान होगा और 8 दिसंबर को मतगणना होगी। गुजरात चुनाव को लेकर तारीख सामने नहीं आई हैं।

## लखनऊ में डाक टिकट प्रदर्शनी का शुभारंभ, सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्री राम वन गमन पथ के विशेष आवरण का किया विमोचन

लखनऊ- अलीगंज स्थित ललित कला अकादमी में आयोजित तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश डाक टिकट प्रदर्शनी यूफिलेक्स का शनिवार को शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री राम वन गमन पथ के विशेष आवरण और विरूपण का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम का 14 वर्ष का वनवास रहा है। उन्होंने 12 वर्ष उत्तर प्रदेश में व्यतीत किये हैं। चित्रकूट इसका उदाहरण है। कपिलवस्तु में था भगवान बुद्ध का परिवार -उस समय साधन नहीं थे। एक एक सतंभ इसका गवाह है वह किन मार्गों से होकर गुजरे थे। अभी 17 अक्टूबर को भगवान बुद्ध पर विशेष आवरण जारी किया




जाएगा। भगवान बुद्ध का परिवार कपिलवस्तु में था। भगवान बुद्ध के चातुर्मास सहित छह प्रमुख स्थल उत्तर प्रदेश में हैं।

उस समय पैसे की क्या कीमत थी उसको भी जोड़ने का प्रयास है। उत्तर प्रदेश बहुत समृद्ध है। लोगों का शौक हुआ करता था डाक टिकट का संग्रह- इसके अलावा उन्होंने कहा कि डाक टिकट का संग्रह एक समय लोगों का शौक हुआ करता था। इसके बिना जीवन अधूरा समझा जाता था। किसी के घर मे कोई ऐसा नहीं था जो डाक से न जुड़ा हो। दूरसंचार के साधन कम थे, उस स्थिति में सूचनाओं के आदान प्रदान का माध्यम रहा हो या फिर पैसे भेजने का मनी आर्डर का माध्यम रहा हो। डाक टिकट से वर्तमान को अतीत से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## जम्मू-कश्मीर में फिर टारगेट किलिंग, शोपियां में आतंकियों ने कश्मीरी पंडित को गोलियों से भूना



जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने एक बार टारगेट किलिंग को अंजाम देना शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार, शोपियां जिले में आतंकवादियों ने एक नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी। मरने वाला युवक कश्मीरी पंडित बताया जा रहा है। उधर, सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आतंकियों की संख्या दो से तीन हो सकती है। जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, घाटी में आतंकियों ने एक बार फिर कश्मीरी पंडित को निशाना बनाया है। इस बार निशाना शोपियां में बनाया गया है। मरने वाले की पहचान पूरन कृष्ण भट के रूप में हुई है। कश्मीर जोन पुलिस ने ट्वीट कर जानकारी दी, 卐आतंकवादियों ने एक नागरिक पूरन कृष्ण भट पर उस समय गोली चलाई जब वह चौधरी गुंड शोपियां में बाग लगाने जा रहे थे। उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। तलाश जारी है।卐 कश्मीर जोन पुलिस ने ट्वीट किया।

### घर के पास पीछे से मारी गोली

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आतंकवादियों ने पूरन कृष्ण को उनके आवास के पास पीछे से गोली मारी थी। पड़ोसियों का कहना है कि पूरन परिवार में इकलौता कमाने वाला था। वह अपने पीछे दो बच्चों और पत्नी को अकेला छोड़ गया है। उधर, परिवारवालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### दो से तीन आतंकियों का अंदेशा

सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर हत्यारों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। सूत्रों ने कहा है कि वारदात में दो से तीन आतंकियों के होने का अंदेशा है।

### बढ़ रही टारगेट किलिंग

जम्मू-कश्मीर में टारगेट किलिंग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस साल खासकर मई महीने से बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। 12 मई को बड़गाम जिले में आतंकियों ने राजस्व दफ्तर में घुसकर कश्मीर पंडित राहुल भट की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद आतंकी लगातार कश्मीरी पंडितों को निशाना बना रहे हैं।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

# स्मृति दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज- भारतीय जनता पार्टी के मजदूर संघ के संगठन मंत्री सुनील वार्ष्णेय के माता पिता के स्मृति दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समेत एक दर्जन केंद्रीय व प्रदेश मंत्री, विधायक शामिल हुए हैं। कार्यक्रम के तहत परिवार के सदस्यों ने सुबह 10 बजे तय समय अनुसार हवन यज्ञ किया। हवन में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजबहादुर भारद्वाज मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ जिला उपाध्यक्ष शिवकुमार भारद्वाज एवं अन्य लोगों ने सहभागिता की। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी पहुंचे। उनके साथ अन्य पदाधिकारी व अतिथि भी पहुंचने लगे। इस कार्यक्रम में देवेंद्र शर्मा, सूर्य प्रताप शाही, सुरेश राना, केपी सिंह मलिक, बीएल वर्मा, संजय सिंह गंगवार, नरेंद्र कश्यप, डा. अरुण कुमार, नितिन अग्रवाल, धर्मपाल सिंह, कपिल देव अग्रवाल, जसवंत सिंह सैनी, सोमेंद्र तोमर, दानिश आजाद अंसारी, भानु प्रताप सिंह वर्मा, जितेंद्र कुमार शर्मा, अनूप प्रधान, गुलाबो देवी, धर्मपाल सिंह, सांसद राजवीर सिंह राजू भैया शामिल हुए। अतिथियों ने स्मृति दिवस पर सुनील वार्ष्णेय के माता पिता के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष रजनीकांत माहेश्वरी, नीरज शर्मा, गौरी शंकर शर्मा, नवल कुलश्रेष्ठ, ज्ञान तिवारी, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, अनिल पुंढीर, रमेश साहू, ममतेश शाक्य, सुरेशचंद्र माहेश्वरी, कुमकुम वार्ष्णेय, रामनिवास राजपूत, शरद गुप्ता, डा. सांत्वना पाराशर, शांतनु चौधरी, अनीता उपाध्याय, अनुरोध प्रताप सिंह, जितेंद्र वार्ष्णेय, अखिलेश अग्रवाल, केके सक्सेना मौजूद रहे।

# सोरों में दो पक्षों में आपसी झगड़े के बाद शहर में शांति



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कासगंज। कस्बा सोरों में दो पक्षों में आपसी झगड़े की सूचना प्राप्त हुई इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए स्थानीय द्वारा मौके पर जाकर जानकारी की गई तो पता चला कि प्रार्थी प्रशांत कृष्ण शास्त्री निवासी कस्बा व थाना सोरों समय करीब 9.30 बजे पूजा के लिए जा रहा था तभी किसी बात को लेकर शहजाद पुत्र इजाद भंडारी निवासी कस्बा व थाना सोरों जनपद कासगंज द्वारा अपने अन्य भाइयों के साथ मिलकर मारपीट कर दी । मामला दो पक्षों में आपसी कहासुनी व मारपीट का है प्रकरण में प्रार्थी की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। उच्चाधिकारी गण द्वारा मौका मुआयना कर लिया गया है सांप्रदायिक विवाद बिल्कुल भी नहीं है। शांति एवम् कानून व्यवस्था सामान्य है।

# निकाय चुनाव में प्रत्याशी की जीत को अभी से करें तैयारी-भूपेंद्र चौधरी




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा है कि आगामी कुछ महीनों में निकाय चुनाव होने वाले हैं। लोक सभा, विधान सभा चुनाव की भांति ही निकाय चुनावों में पार्टी प्रत्याशी को जिताने के लिए अभी से कार्यकर्ताओं को जुटना है। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं व जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि भूपेन्द्र चौधरी, ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष रजनीकांत माहेश्वरी, एमएलसी स्नातक मानवेंद्र प्रताप सिंह, जिला प्रभारी हर्षवर्धन आर्य, जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, ज्ञान तिवारी ने संयुक्त रूप से पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन किया। जिला प्रभारी व जिलाध्यक्ष ने मुख्य अतिथि को पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत सम्मान किया। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री माहेश्वरी ने कहा कि कार्यकर्ता निकाय चुनाव को लेकर तैयार रहें, कहीं कोई समस्या आती है तो पदाधिकारियों को अवगत कराएं। उनकी समस्या का समाधान कराया जाएगा। बैठक में मंचासीन ज्ञान प्रकाश गुप्ता, अनिल पुंढीर, रमेश साहू, ममतेश शाक्य, संचालक जिला महामंत्री नीरज शर्मा के अलावा नवल कुलश्रेष्ठ, गौरीशंकर शर्मा, रामेश्वरदयाल महेरे, संजय सोलंकी, रामगोविंद महेरे, रामनिवास राजपूत, केपी सिंह, शरद गुप्ता, दिनकर राव चतुर्वेदी, सीमा शाक्य, कुमकुम वार्ष्णेय, मिथलेश वर्मा, डा. सांत्वना पाराशर, हिना सिंह, प्रीति चौहान, कृष्णकांत वशिष्ठ, मनोज शर्मा, संजय दुबे, शांतनु चौधरी, रविंद ब्रह्मचारी, अनीता उपाध्याय, कैलाशचंद मिश्रा, संपूर्णानंद भारद्वाज, संजीव महाजन, कुलदीप प्रतिहार, हिमांशु उपाध्याय, प्रतीक माहेश्वरी, जिला मीडिया प्रभारी केके सक्सेना मौजूद रहे।

## संदिग्ध अवस्था मे अज्ञात युवक का शव

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-संदिग्ध अवस्था मे अज्ञात युवक का शव, सूचना पर मौके पर पहुँची स्थानीय पुलिस, सड़क किनारे मिला शव, शव की अभी नही हो सकी शिनाख्त, थाना प्रभारी संजय राघव पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, शव का पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, थाना राजा का रामपुर क्षेत्र के अलीगंज दरियावगंज रोड के कैला गाँव के पास की घटना।

# परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट की



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अखिल भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने किसान मसीहा धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी सहित परिजनों से मुलाकात कर सोक संवेदना प्रकट की उक्त श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर संगठन के जनपद अलीगढ़, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, हाथरस, आगरा सहित आदि जनपदों के पदाधिकारी कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# एटा जिले के अलीगंज क्षेत्र में कई जगह हुई आईटी की छापेमारी जारी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा जिले के अलीगंज क्षेत्र में कई जगह हुई आईटी की छापेमारी जारी है तंबाकू व्यवसायियों के यहां इनकम टैक्स के अधिकारियों का लगा तांता *भारी संख्या में केंद्रीय सुरक्षा बल की मौजूदगी में छापामार कार्रवाई जारी आज सुबह से ही छापामार कार्यवाही शुरू हुई अलीगंज कोतवाली क्षेत्र के लड़सिया में *मुकेश यादव* के यहा ढ्झ की रेड अलीगंज कस्बा के सुशील चंद सौहारिया के कई ठिकानों पर एक साथ इनकम टैक्स की टीमें कर रही छापामार कार्यवाही।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# संस्कारों एवं शिष्टाचार से ही आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करें-मा0 मुख्यमंत्री

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद -प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज मुरादाबाद सर्किट हाउस के पीछे बुद्धिविहार फेज-2 में आयोजित आर्यवीर दल उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में महात्मा नारायण स्वामी के 75वें निर्वाण दिवस पर आर्यवीर महासम्मेलन में अपने सम्बोधन में कहा कि भारत के स्वाधीनता आन्दोलन को गति देने में सभी वर्गो के लोगों ने अहम भूमिका निभायी। युद्ध का शुद्धि यज्ञ आजादी के आन्दोलन के साथ जुडता है तो ब्रिटिश सरकार एवं विधर्मियों को भी देश छोड़ने पर विवश होना पडा था। मा0 मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी मातृ भाषा हिन्दी एवं संस्कृत के साथ सभी विश्वविद्यालयों एवं मेडिकल कालिजों में कोर्स को हिन्दी में पढ़ने की सुविधा रहेगी। सरकार इसके लिए विशेष प्रयास कर रही है, ताकि मातृ भाषा में भी विभिन्न कोर्सो का अध्ययन किया जा सके। उन्होंने कहा कि बाबा रामदेव जी भारतीय दवाओं को विदेशी बाजार में उतारकर आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने का कार्य रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह एवं विभिन्न पेंशन संचालित करके प्रदेश सरकार सभी वर्गो के साथ समान रुप से卐सबका साथ-सबका विकास, सबका प्रयास एवं सबका विश्वास卐 के सिद्धान्त पर कार्य कर रही है और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अर्न्तगत दो लाख जोडों को शादी के बंधन में बांधकर सराहनीय कदम उठाया है और यह जनसहयोग से ही संभव हुआ है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु मा0 प्रधानमंत्री जी ने युद्ध स्तर पर कार्य किया है, इससे विषमुक्त खेती करने का मार्ग दिया है, इससे खाद्यान्न तो प्राप्त होगा ही बल्कि हमारे गौवंशीय पशुओं के लिए शुद्ध चारे की भी उपलब्धता हो सकेगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अपनी बिरासत के प्रति सम्मान का भाव रखें तथा संस्कारों एवं शिष्टाचार से आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करें। नई शिक्षा नीति भारत को विश्व गुरु के रुप में प्रतिस्थापित करेगी। सरकार द्वारा बाल विवाह एवं अन्य सामाजिक विकृतिओं को भी रोकने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी ने विकास संबंधी शासन की प्राथमिकताओं से जनमानस को अवगत कराते हुए कहा कि अपराधमुक्त, अन्यायमुक्त एवं भयमुक्त वातावरण सृजित करने के साथ ही कानून व्यवस्था पर जीरो टालरेंस की नीति पर चलते हुए कानून का राज स्थापित करने तथा संवदेनशीन एवं स्वच्छ प्रशासन देने हेतु प्रदेश सरकार संकल्पवद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की वर्तमान सरकार का लक्ष्य जनाकांक्षाओं की पूर्ति तथा राज्य का समग्र विकास करना है, जिस हेतु राज्य सरकार सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास के आधार पर बिना भेदभाव के सभी वर्गो की उन्नति, कल्याण एवं सर्वांगीण विकास हेतु कृत संकल्पित है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान एतिहासिक निर्णयों एवं विकासपरक तथा जनकल्याणकारी कार्यक्रमों द्वारा उठाये गये कदमो से स्पष्ट है कि प्रदेश सरकार आम जन के विकास, उनकी सुरक्षा और कानून व्यवस्था के प्रश्न पर अत्यन्त संवेदनशील है। इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी, चैयरमैन एमडीएच राजीव गुलाटी पत्नी ज्योति गुलाटी, आर्यवीर दल उत्तर प्रदेश श्री सतपाल सिंह, गन्ना राज्यमंत्री श्री संजय कुमार गंगवार, पशुधन मंत्री श्री धर्मपाल सिंह, शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती गुलाब देबी, विधायक मथुरा श्री नागेश्वर चैधरी, आर्यावीर दल संरक्षक उ0प्र0 श्री ओमप्रकाश, कार्यक्रम के मुख्य संयोजक श्री ज्ञानेन्द्रराम, कार्यक्रम उपाध्यक्ष श्री जितेन्द्र भाटिया, आचार्या स्वदेश, पंकज, नगर विधायक श्री रितेश कुमार गुप्ता, महापौर श्री विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्षा डा0 शैफाली सिंह, सदस्य विधान परिषद डा0 जयपाल सिंह व्यस्त, हरिसिंह ढिल्लो, गोपाल अंजान, पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह एवं श्री सतपाल सिंह, कुलाधिपति श्री सुरेश जैन तथा भारी संख्या में आर्यवीर दल एवं वीरांगनाएं उपस्थित रहीं।

# डीएम व एसएसपी शहर में जाम से निपटने हेतु बेहतर प्लानिंग व्यवस्था बनायें

मुरादाबाद -श्री धर्मपाल सिंह मा0 मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा विभाग/प्रभारी मंत्री मुरादाबाद ने आज सर्किट हाउस मुरादाबाद में बाढ़ से बंधित आहूत समीक्षा बैठक में वर्ष 2022 में बाढ़ प्रभावित ग्रामों की जानकारी प्राप्त करते हुए वहां पर फसल में बाढ़ से हुए नुकसान का राजस्व टीमों द्वारा आंकलन कराकर किसानों को मुआवजा देने के निर्देश दिये। उन्होंने ऐसा किसान जिसकी फसल बाढ़ से खराब हुई हो वह छूटना नही चाहिए। उन्होंने बाढ़उपरान्त आने वाले बीमारियों से बचाव हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी से जलभराव क्षेत्रों में संचारी रोग के संबंध में की जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करायें तथा विद्युत विभाग विद्युत की सप्लाई नियमित रुप से करें, मच्छरों के प्रकोप से बचाव हेतु फागिंग आदि करायें। उन्होंने कहा कि बाढ़ के बाद सांप काटने की घटनाएं भी होती है सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रो पर इंजेक्शन अवश्य उपलब्ध रहें। प्रभारी मंत्री ने मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि पशुओं में मुहपका एवं खुरपका बीमारी से बचाव हेतु टीकाकरण कराये। संचारी रोगों पर भी नजर रखें तथा क्षेत्र में निरन्तर भ्रमणशील रहें। लोक लिर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये कि बाढे से टूटी सड़कों पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें तत्काल दुरस्त किया जाये एवं गड्ढों को भरा जाये। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व आ रहा है, विद्युत विभाग विद्युत आपूर्ति को ठीक रखें तथा शहर में जाम की स्थिति न रहें पुलिस अलर्ट रहें।

# डेंगू में घटेगा बीपी तो जंबो पैक लगवाएंगे डॉक्टर

मुरादाबाद-जिले में डेंगू की आशंका वाले मरीजों में प्लेटलेट्स घटने के मामले बढ़ने लगे हैं। फिजीशियन डॉ. नितिन बत्रा ने बताया कि ऐसे मरीजों में बीपी पर ज्यादा निगरानी रखी जाएगी। प्लेटलेट्स घटने की स्थिति में मरीज का ब्लड प्रेशर तेजी से घटना ज्यादा खतरनाक है। ऐसा होने पर मरीज डेंगू शॉक सिंड्रोम में जा सकता है। बेहोश होने के बाद मरीज की मौत हो सकती है, इसलिए बीपी अधिक घटने की स्थिति में मरीज को प्लेटलेट्स चढ़ाने के लिए जंबो पैक का भी इस्तेमाल कराया जाएगा। जंबो पैक तकनीक में डोनर से सीधे प्लेटलेट्स निकालकर मरीज को चढ़ाई जाती हैं।

# मस्जिद में इमाम ने नाबालिग छात्रा से किया दुष्कर्म, आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल




मुरादाबाद-अमरोहा- मस्जिद के इमाम ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। 15 दिन पहले हुई घटना की जानकारी छात्रा ने घर वापस लौटने पर पिता को दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी पंजीकृत कर आरोपित इमाम को गिरफ्तार कर भेज दिया है। पीड़ित कक्षा आठ की छात्रा है। यह मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां पर ट्रक चालक का परिवार रहता है। गृहस्वामी ट्रक लेकर गया हुआ था। घर पर पत्नी व बच्चे थे। 15 वर्षीय बड़ी बेटी गांव के ही स्कूल में कक्षा आठ की छात्रा है। साथ ही प्रतिदिन गांव की मस्जिद में अन्य बच्चों के साथ दीनी तालीम के लिए जाती थी। इस मस्जिद में संभल जनपद के थाना असमौली के गांव रचेटा निवासी मौलाना अब्दुल कादिर इमाम है।

## झाड़ू लगाने के बहाने मस्जिद में रोका, फिर किया दुष्कर्म

आरोप है कि 15 दिन पहले इमाम ने अन्य बच्चों की छुट्टी कर दी तथा झाड़ू लगाने के बहाने छात्रा को रोक लिया। बाद में कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़िता घर चली गई तथा डर की वजह से किसी को नहीं बताया।

## घर लौटा पिता तो दी पीड़िता ने दी जानकारी

शुक्रवार को पिता ट्रक चलाकर घर वापस लौटा तो बेटी ने घटना की जानकारी पिता को दी। शुक्रवार देरशाम ट्रक चालक बेटी को लेकर कोतवाली पहुंचा तथा इमाम के विरुद्ध तहरीर दे दी। प्रभारी निरीक्षक प्रवेज चौहान ने बताया कि प्राथमिकी पंजीकृत कर आरोपित इमाम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Pollution penalty

Fighting pollution is as important as it is welcome. The National Green Tribunal (NGT) has slapped a fine of Rs 500 crore on the Karnataka government for its failure to protect the Chandapura lake in Karnataka. The NGT has clearly said that Karnataka has failed to protect the environment. The lake ecology and its surrounding ecosystem have suffered huge damage. Therefore, the state should be held liable to pay environmental compensation. This decision of the NGT is binding, the Karnataka government can challenge it back in the NGT and after that the way is open to go directly to the Supreme Court. The fine is very heavy and the threat should reach to those who drink the rest of the thousands of lakes in the country. Those who are active to save the lakes, they will get great strength from this decision of NGT. We have seen how the throttling of a lake in Bengaluru in the past has cost almost the entire city flooding.

Another decision of NGT is very much discussed. The National Capital Territory of Delhi has been fined Rs 900 crore for non-disposal of waste at three dump sites at Okhla, Bhalswa and Ghazipur. The NGT has also specified from whom the fine can be recovered. In fact, no one party is to blame for these garbage mountains of Delhi. For this, fines can be collected from waste generators, violators of rules, erring officials and companies. Apart from this, money can also be raised from the sale of garbage area land, so that fines can be paid. This decision of NGT in Delhi is going to cause a lot of trouble. However, the apprehension of this trouble was persistent over the years.

It is possible that the Delhi government will also challenge this decision again in the NGT. By the way, the governments of Delhi have been making election-by-election promises for the last two-three decades to rid the people of the mountains of garbage. As soon as the elections are over, the government and politicians forget their promise of waste disposal. When the leaders are not serious, why should the responsible officers worry? A white paper can easily be issued on the contribution of these mountains of garbage in the overall pollution of Delhi.


The NGT has also said that the amount of fine will be used for waste disposal only. Scientific disposal of garbage, taking fire control measures and building boundary walls has become a necessity today. Overall, it has been proved once again that our governments are not doing as much as they should to protect the environment.

In fact, Delhi should be an example, but the lack of coordination between the Delhi government and the municipal corporation is also coming in the way. The NGT has pointed out the risk we are posing to our lives by destroying lakes, creating mountains of garbage. Now if these decisions of the NGT can make the governance-administration even a little accountable, then it will be a big success.

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# Seeing the dance moves in the pink bikini top on the beach of Nora Fatehi, the fans said - 'Fire hai'

Dance Moves Queen Nora Fatehi New Video Viral: The new dance video of the industry's dancing queen Nora Fatehi is making a splash on the internet. Nora Fatehi has recently posted a video of her, in this video it is difficult to take her eyes off her killer dance moves. This video of Nora is from her holiday trip. In the video, Nora can be seen flaunting her dance talent. Seeing this small dance performance of Nora on the beach side with friends, her fans are not tired of praising the actress, dancer. Nora's answer even offscreen - Recently, Nora Fatehi's dancing number in the film 'Thank God' has received a lot of appreciation. Nora is not only winning hearts with her onscreen performance but also offscreen she never misses a chance to impress her fans. Nora recently uploaded her latest dance video on Instagram. Her dance in non makeup look in this video is worth watching. As always, in her hot look, Nora is seen lounging on the beach. In this dance video of her, she is seen doing amazing dance moves with her friends. Watching her dance steps in slow motion along with her curvy body is no less than a treat for her fans. Nora's look in hot pants with pink bikini top is also looking very attractive. Fans wrote for Nora ... - This video of Nora on English Song can be included in the list of her best dance. This video of Nora has got more than 13 lakh likes so far. His fans have showered praises in the comment box regarding this video. Seeing this video, a fan wrote, 'Too much fire Nora'. Another fan wrote, 'Killer'. In this dance video, Nora is looking amazing in a no makeup look and tie hair bun style on the beach. Thank God and will be seen in the comedy film - Nora, who became famous from the Big Boss show, is now the industry's top dancer. Not only dance Nora is also trying to prove herself in acting. He is already in the news for his item number in the upcoming film Thank God. In this film, she is seen opposite Sidharth Malhotra and Ajay Devgan. Apart from this, Nora will also be seen in a comedy film with actor John Abraham. These days Nora is also judging the reality show 'Jhalak Dikhhla Jaa'.



# Long wait for Tiger 3, Salman Khan made this big announcement

The release date of superstar Salman Khan's film 'Tiger 3' has been changed once again. Dabang Khan himself has informed about the new release date by posting on social media. Tiger and Zoya will once again show their swag on the big screen but for that you will have to wait a little longer. This film of Dabang Khan will be released on Diwali next year. The pair of Salman Khan and Katrina Kaif will be seen once again in the film. Then there was a postponement of Tiger-3's date - the funny thing is that this film of Salman Khan will be released in different languages ??across the country. Along with Hindi, it will also be released in Tamil and Telugu. Diwali 2023 simply means that you will have to wait for a whole year for the film. The films of Tiger series have been superhit – Salman Khan has announced this by sharing a glimpse of him from the film. Aditya Chopra is producing this film of director Maneesh Sharma. The film has been in constant headlines ever since its announcement. Let us tell you that both the previous films of 'Tiger' series have been blockbuster hits. 'Tiger' and 'Pathan' Universe will meet - If the news is to be believed, Shah Rukh Khan's 'Pathan' Universe and 'Tiger' Universe through the film 'Tiger-3' will be brought together. Although Shah Rukh and Salman Khan have done cameo roles in each other's films many times in the past, this will be the first time that the stories of both the films will be linked with each other.



# मनसा देवी मंदिर प्रांगण में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गोंडा--बड़गांव- मां मनसा देवी मंदिर के प्रांगण में विशाल भंडारे के आयोजन में श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर हर वर्ष होने वाले श्री शत चंडी महायज्ञ का आयोजन जो कि पिछले 2 वर्षों में कोरोना संक्रमण की वजह से नहीं हो सका था जिसका इस वर्ष बड़े ही धूमधाम के साथ आयोजन किया गया था। श्री सिद्ध पीठ मां मनसा देवी धर्मार्थ कमेटी द्वारा शुक्रवार को बड़गांव स्थित मां मनसा देवी मंदिर के प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सभी श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष व खैरा ग्राम प्रधान विजय यादव, लाले ने बताया कि मुख्यालय के बड़गांव स्थित माता मनसा देवी मंदिर में नवरात्रि के दौरान विगत कई वर्षों से श्री शत चंडी महायज्ञ, वृंदावन के कलाकारों द्वारा रासलीला व अयोध्या धाम से आए महाराज जी द्वारा प्रवचन का आयोजन होता था, जो कि पिछले दो सालों से कोरोना संक्रमण के चलते महायज्ञ, पूजा पाठ या फिर किसी भी बड़े कार्यक्रम का आयोजन नहीं हो पाया था। लेकिन इस वर्ष बड़े ही धूमधाम से शारदीय नवरात्रि का पर्व मनाया गया। मनसा देवी मंदिर में मां की मूर्ति भी स्थापित की गई। व हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कलश यात्रा में अधिक संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग किया। विजय यादव की जानकारी देने के मुताबिक भंडारे में लगभग दस हजार से ऊपर की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। विजय यादव लाले (अध्यक्ष), रवि शंकर यादव (कोषाध्यक्ष), मुकेश यादव, प्रदीप विश्वकर्मा, अमन गुप्ता, संजय सिंह व सोनू गुप्ता सहित कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे। इसी क्रम में आवास विकास दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा आवास विकास कालोनी में मां भगवती के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष शिवपूजन चौरसिया व आवास विकास कालोनी प्रथम के सभासद व कार्यक्रम के कोषाध्यक्ष अनूप कुमार श्रीवास्तव द्वारा मां दुर्गा की आरती करने व भोग लगाने के पश्चात शाम सात बजे के करीब भंडारे का शुभारंभ किया गया। आरती होने के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ बेकाबू हो गई। सभी श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। लगभग देर रात तक भंडारे का कार्यक्रम चलता रहा। अध्यक्ष शिव पूजन की जानकारी देने के मुताबिक लगभग ढाई हजार श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान डॉ. उमंग श्रीवास्तव, अतुल कुमार पांडे, अजय कुमार अग्रवाल, संजय माहेश्वरी, जतिन श्रीवास्तव, नरेश डागा, व अर्पित डागा सहित कार्यक्रम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# विश्व हाथ धुलाई दिवस को स्कूलों में बच्चों को किया गया जागरूक



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

इटियाथोक, गोंडा- विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर इटियाथोक के प्राथमिक विद्यालय भीखमपुरवा में बच्चों को विधिव हाथ धुलाई का टिप्स दिया गया तथा सामूहिक रूप से छात्र छात्राओं के हाथ धुलवाए गए, विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज मिश्रा ने बताया की शरीर को स्वस्थ रखने के लिए स्वच्छता अति आवश्यक है, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मष्तिस्क का विकास होता है, जीवन में आगे बढ़ने के लिए शरीर को स्वस्थ रखना ज़रूरी है। आगे उन्होंने बताया की बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने के लिए विद्यालय में समय समय पर अभियान चलाया जाता है जिसमे बच्चों को स्वच्छता के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। क्षेत्र के ही करमडीह कला कम्पोजिट विद्यालय में अथवा वेदपुर के प्राथमिक विद्यालय में हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर अध्यापकों और बच्चों द्वारा हाथ धुलाई कार्यक्रम में हिस्सा लिया गया इस कार्यक्रम में विद्यालय स्टाप के साथ आंगनवाड़ी कार्यकत्री, पंचायत सहायक, सफाईकर्मी, प्रधान प्रतिनिधि लल्लन तिवारी उपस्थित रहे। वेदपुर प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ममता पाण्डेय ने बताया की बालिकाओं को स्वच्छता के प्रति विशेष रूप से जागरूक किया गया जिसमे बताया गया की विद्यालय व घर तक किस प्रकार स्वास्च्छता को बढ़ावा दिया जाए,घर में स्वच्छता लाने के लिए बेटियों का अहम योगदान होता है। इस पर उन्होंने स्कूली बच्चियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया है।

# बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों को खाद्य सामग्री, बाढ़ राहत किट एवं दवा का वितरण किया



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गोंडा- बाढ़ प्रभावित ग्रामों के 200 परिवारों को बाढ़ राहत किट का किया वितरणगोण्डा- आज शनिवार को जिलाधिकारी डॉ0 उज्वल कुमार ने तहसील तरबगंज अंतर्गत विकासखंड नवाबगंज में बाढ़ से अत्यधिक प्रभावित ग्राम जैतपुर, केवटहिया, रामदयाल पुरवा, हनुमान शरण पुरवा, नई बस्ती, छोटी केवटहिया सहित कई गावों का मोटर बोट नाव से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गांवों में जाकर बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों से मुलाकात की तथा उनको खाद्य सामग्री, दवा आदि का वितरण कराया। इसके साथ ही तरबगंज तहसील के नवाबगंज गिर्द बाढ़ प्रभावित 200 परिवारों को सामुदायिक केंद्र नवाबगंज में आपदा राहत किट का वितरण माश जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराया गया।

वहां पर उपस्थित उप जिलाधिकारी तरबगंज शत्रोहन पाठक, तहसील तरबगंज पुष्कर मिश्र, बीडीओ नवाबगंज, सहायक विकास अधिकारी पंचायत नवाबगंज, एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ से प्रभावित सभी गांवों का बराबर निरीक्षण करते रहें ताकि बाढ़ से किसी भी ग्रामीणों को कोई दिक्कत न होने पाये, तथा सभी बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों को खाने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, दवा आदि की व्यवस्थाएं समय से कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, उपजिलाधिकारी तरबगंज शत्रोहन पाठक, माननीय विधायक प्रतिनिधि मनकापुर वेद प्रकाश दुबे, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि नवाबगंज सत्येंद सिंह, तहसीलदार तरबगंज पुष्कर मिश्र जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव, बीडीओ नवाबगंज, एडीओ पंचायत नवाबगंज, राजस्व निरीक्षक संबंधित क्षेत्र, लेखपाल, ग्राम प्रधान सहित सभी अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# शान्ति व्यवस्था कायम रखने में करे पुलिस का सहयोग-इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी




तौफ़ीक खान

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

चन्दौली- अलीनगर महिला थाना इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी ने आगामी त्यौहार के मद्देनजर थाना क्षेत्र के समस्त व्यापारियों व आमजनमानस से अपील करते हुए कहा की सुरक्षा की दृष्टि से सभी ब्यापारी अपने दुकान मे सी सी क?मरा अवश्य लगवा ले ताकि किसी भी प्रकार की घटना घटित होने पर अपराधियों को तुरंत पकडा जा सक।और क्षेत्र मे शांति ब्यवस्था कायम रखन के लिए पुलिस का सहयोग करे। किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु दिखे तो तत्काल आप 112 नम्बर पर सूचित करें।अगर किसी के बहकावे में आकर कोई भी व्यक्ति कानून व्यवस्था के साथ कह खिलवाड़ करेगा तो उसके साथ हम सख्ती से पेस आएंगे।

# पाण्डेयपुर थाना के अधिकारियों/कर्मचारियों ने किया श्रमदान





तौफ़ीक खान

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी-जिस प्रकार से वर्तमान समय में डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है जिसको देखते हुए पुलिस कमिश्नर ए सतीश गणेश ने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि अपने अपने थानों को श्रमदान करते हुए साफ सफाई करें ताकि डेंगू के प्रकोप से बचा जा सके बता दें कि कमिश्नरेट के लगभग आधा दर्जन पुलिसकर्मी वर्तमान समय में डेंगू से पीड़ित है जिसको देखते हुए आज थाना पांडेपुर लालपुर के समस्त अधिकारी कर्मचारियों ने थाना परिसर में श्रमदान करते हुए साफ सफाई किया है।

# चोरी के 2 मामले का चौकी बसदेई पुलिस ने किया खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- बीते शुक्रवार को ग्राम सोनपुर निवासी राजेश कुशवाहा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके किराना दुकान से अज्ञात चोर के द्वारा किराना सामान चोरी किया गया है, वहीं दूसरे मामले में ग्राम नवापारा निवासी सत्यम साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि नवापारा स्थित उचित मूल्य दुकान से 5 बोरी चावल को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। दोनों ही मामलों की रिपोर्ट पर चौकी बसदेई पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध 457, 380 के तहत पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने चोरी की वारदात पर अंकुश लगाने एवं चोरी में संलिप्त आरोपियों को जल्द पकड़ने के निर्देश चौकी प्रभारी को दिए थे। एएसपी मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में चौकी बसदेई पुलिस चोरी के दोनों मामले के आरोपी की पतासाजी कर रही थी इसी बीच मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम जूर निवासी नजीर, समसीर व विकेश किराना एवं चावल बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे है। सूचना पर तीनों संदेहियों को पकड़ा गया।

पूछताछ पर आरोपियों ने किराना दुकान एवं उचित मूल्य दुकान में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के निशानदेही पर उचित मूल्य दुकान से चोरी का 5 बोरी चावल कीमत 6750 रूपये को बरामद किया। किराना दुकान से नजीर व समसीर के द्वारा चोरी किया गया जो किराना सामान को खा-पीकर खत्म कर दिये। पुलिस ने आरोपी नजीर अंसारी उर्फ शाहिल पिता मोहम्मद वारिस अली उम्र 24 वर्ष, शमशीर अंसारी पिता शहाबुद्दीन उम्र 24 वर्ष व विकेश साहू पिता श्री प्रसाद साहू उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम जूर, चौकी बसदेई को गिरफ्तार किया गया। आरोपी नाजीर पूर्व में मोटर सायकल चोरी के मामले में थाना सूरजपुर व थाना पटना जिला कोरिया से चालान हुआ है तो वहीं समसीर वर्ष 2019 में बकरी चोरी के मामले में चालान हो चुका है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई बृजेश यादव, एएसआई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, मानिकदास, प्रधान आरक्षक आनंद सिंह, थॉमस मिंज, आरक्षक देवदत्त दुबे, सुरेश साहू, अभय तिवारी, अमित सिंह, गोरेश्वर सिंह व प्रेम सिंह सक्रिय रहे।

# अभिव्यक्ति ऐप का प्रचार-प्रसार जोरों से कर रही सूरजपुर पुलिस

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति ऐप बनाया गया है। जिसे गूगल प्ले स्टोर या क्यूआर कोड से डाउनलोड किया जा सकता है। इस ऐप के जरिये आपातकालीन परिस्थितियों में लोग अपने निकटतम संबंधी के साथ ही डायल 112 को सीधे सूचना भेज सकते हैं। ऐप के जरिए सीधे पुलिस से शिकायत की जा सकती है। ऐप को खासतौर पर महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। जिला पुलिस ने इसका जोरों से प्रचार प्रसार कर आम लोगों के साथ ही महिलाओं को इसकी जानकारी दी। स्कूल-कालेज में सूरजपुर पुलिस का कार्यक्रम-पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में जिले के थाना-चौकी प्रभारी सहित पुलिस अधिकारियों के द्वारा अपने क्षेत्र के स्कूल-कालेजों में जाकर अभिव्यक्ति ऐप का प्रदर्शन किया साथ ही हमर बेटी-हमर मान के तहत छात्राओं को गुड टच-बैड टच व सायबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान अभिव्यक्ति ऐप के बारे में बता कर लगभग 500 छात्र-महिलाओं से ऐप डाउनलोड भी कराया गया। आपातकालीन परिस्थिति में अभिव्यक्ति ऐप का उपयोग महिला, बच्चों के साथ-साथ सभी वर्ग के लोग कर सकते हैं। इस तरह काम करेगा अभिव्यक्ति एप- पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सबसे पहले गूगल प्ले स्टोर पर जाकर या क्यू आर कोड से अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड करना होगा। ऐप में अपना मोबाइल नंबर डालकर लॉग इन आईडी क्रिएट कर अपने 2 निकट सम्बन्धियों का मोबाइल नम्बर दर्ज करना होगा। यह नंबर ऐसे होंगे जिन्हें आप खतरे के समय सूचित करना चाहते हैं। अब अभिव्यक्ति ऐप आपके उपयोग के लिए तैयार हो चुका है। ऐप में एक पेज खुलेगा जिसमें 3 प्रकार की सुविधाएं दी गई हैं। 1. एसओएस मैसेज 2. कंप्लेन 3. स्टेटस। आपातकालीन परिस्थितियों में एसओएस मेसेज का उपयोग करें। एसओएस पर क्लिक करते ही आपके द्वारा ऐप में फीड किए गए निकट संबंधियों के 2 मोबाइल नंबर और डायल 112 को आपकी लोकेशन सहित मैसेज सेंड हो जाएगा। जिससे एप यूजर के निकट संबंधी व डायल 112 को खतरे में होने की सूचना मिल जाएगी। मैसेज मिलते ही संबंधित क्षेत्र की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचेगी। कंप्लेन ऑप्शन में जाकर ऑनलाइन शिकायत दर्ज किया जा सकता है। स्टेटस ऑप्शन पर जाकर कंप्लेन की वर्तमान स्थिति का पता लगाया जा सकता है। क्या है अभिव्यक्ति ऐप- अभिव्यक्ति ऐप छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग की ओर से तैयार किया गया है। इस ऐप का उद्देश्य मुसीबत में फंसी महिलाओं को त्वरित पुलिस सहायता (छत्तीसगढ़ पुलिस इनवाइट फार वुमेन सेफ्टी) उपलब्ध कराना है। पीड़ित महिला कहीं से भी अभिव्यक्ति ऐप पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। अभिव्यक्ति ऐप पर महिलाओं की सुरक्षा संबंधित टिप्स भी दिए गए है। इसे फॉलो कर महिलाएं अपनी जानकारी पुलिस से शेयर कर सकती हैं। पुलिस विभाग द्वारा तैयार किया गया यह ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। जिसे महिलाएं अपने मोबाइल पर डाउनलोड कर सकती हैं। एप्लीकेशन डाउनलोड करने के बाद एक बटन दबाते ही पुलिस विभाग को इसकी सूचना मिल जाएगी। यह ऐप महिला सुरक्षा के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

# बिहारपुर चौराहे पर होटलों के सामने किचड़ ग्रामीणों ने नाली बनवाने मांग की है



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर- सुरजपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी बिहारपुर चौक पर होटलों के सामने किचड़ ही किचड़ है प्रधानमंत्री जी स्वच्छता अभियान चलाकर सांफ सफाई के लिए प्रतिबद्ध है वहीं प्रदेश में कांग्रेस की सरकार में आज किसी तरह सड़क बनवाई जा रही है तो नाली ही नहीं है सी.सी.बनाने के बाद सड़क ऊपर हो गया

होटल नीचे जिससे नाली नहीं बनने के कारण पानी किनारे किनारे बह रही है वहीं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में भी ग्रामीणों का जाना मुश्किल हो गया है गंदगी से परेशान ग्रामीणों ने नाली निर्माण कराये जानें की मांग की है

# बिहारपुर से घोटाला करके निलंबित सचिव नर्मदा पाठक को पून: बिहारपुर ट्रांसफर सुनकर ग्रामीणों में आक्रोश

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर-सुरजपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र ग्राम पंचायत बिहारपुर में पूर्व में पदस्थ सचिव नर्मदा पाठक को बिहारपुर अटल व्यवसायिक परिसर एवं बाजार की वसुली वृद्धा पेंशन में हितग्राहियों के पैसे गमन को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर कलेक्टर सूरजपुर के निर्देशन में जिला मुख्यकार्यपालन अधिकारी सुरजपुर के द्वारा निलंबित किया गया था इससे पूर्व भी ग्राम पंचायत नावाटोला खैरा अवन्तिकापुर में घोटाला करके निलंबित हो चुके हैं नर्मदा पाठक अभी वर्तमान में ग्राम पंचायत खालबहरा में सचिव के पद पर पदस्थ हैं बिहारपुर में आने की खबर सुनकर ग्रामीणों में आक्रोश है ग्रामीणों ने कहा अधिकारी पैसे खाकर कुछ भी कर सकते हैं पर हम इन्हें यहां ऐसे भ्रष्ट सचिव को नहीं रहने देंगे

कुछ लोगों के द्वारा बताया गया आपसी सहमति के द्वारा यहां स्थानांतरण किया जा रहा है परंतु ग्रामीणो ने कलेक्टर सूरजपुर से बिहारपुर में पदस्थ नहीं करने की मांग की है।

# माओवादियों ने आरक्षक के पिता को मारी गोली, पर्चे फेंके, मानपुर इलाके में दहशत, DRG चला रही सर्च ऑपरेशन

छत्तीसगढ़ के नवगठित जिले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में एक बार फिर माओवादियों की क्रूरता सामने आई है। शुक्रवार को नक्सलियों ने एक आरक्षक के पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। नक्सलियों ने आक्षक के पिता पर कुल्हाड़ी से वार भी किया है। नक्सलियों ने संबलपुर गांव से लगे जंगल में घटना को अंजाम दिया है। हत्या के बाद नक्सलियों ने पर्चे भी फेंके हैं। वारदात की सूचना के बाद शनिवार को डिस्ट्रिक रिजर्व गार्ड की टीम ने संबलपुर जंगल से शव को बरामद किया है। नक्सली घटना के बाद इलाके में दहशत है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के एसपी अक्षय कुमार ने बताया कि रविंद्र साय कटेगा ( 55 वर्ष ) की माओवादियों ने हत्या की है। शरीर पर गोली मारने के साथ धारदार हथियार से हमला के निशान हैं। नक्सलियों ने रविंद्र साय कटेगा की बाइक को भी जला दिया है। कोहका पुलिस थाना और डीआरजी की टीम आरक्षक के पिता रविंद्र साय के शव को लेकर मानपुर वापस लौटी है। मृतक का बेटा



मानपुर में ही आरक्षक के पद पर तैनात है। डीआरजी और पुलिस की टीम इलाके में सर्चिंग अभियान चला रही है।

## गोपनीय सैनिक के रूप में काम कर चुका था रविंद्र

एसपी अक्षय कुमार ने बताया कि रविंद्र साय कटेगा मानपुर में नक्सल पीड़ित के तौर पर 2009 से रह रहा था। 2009-10 में उसने गोपनीय सैनिक के रूप में काम भी किया था। आरक्षक के पिता की हत्या करने के बाद नक्सली फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बता दें कि नक्सलियों ने मानपुर विकासखंड में सालभर पहले पर्चा फेंका था, जिसमें डब्बा से लेकर संबलपुर तक 25 लोगों को मारने की बात कही थी। माओवादी अब तक 7 ग्रामीणों की हत्या कर चुके हैं। मानपुर-मोहला छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र की सीमा से लगा हुआ इलाका है।

# अकराबाद को तहसील बनाने की मांग को लेकर क्षेत्र के लोगों ने किया जोरदार प्रदर्शन

लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- अकराबाद - तहसील बनाने की मांग को लेकर तहसील बनाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कस्बा के मुख्य बाजार में अकराबाद को तहसील बनाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। तहसील बनाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारी बीते पांच साल से अकराबाद को तहसील बनाने के लिए लगातार आंदोलन चला रहे है। ठा. धर्मवीर सिंह ने कहा कि पोने दो सौ वर्ष पूर्व ब्रिटिश काल में अकराबाद तहसील हैड क्वाटर हुआ करता था। विकासखंड के तमाम गांव ऐसे हैं जिनकी तहसील कोल से 40 से 50 किलोमीटर की दूरी है। तहसील के काम से जाने वाले लोग सुबह जाकर शाम को गांव लौट कर आते हैं। अत: अकराबाद तहसील बन जाने से निश्चित ही लोगों को पैसे व समय की बचत होगी। वहीं क्षेत्र का विकास भी तेजी से हो सकेगा, क्षेत्र की जनता द्वारा अकराबाद में तहसील बनाने को लेकर पिछले कई वर्षों से मुख्यमंत्री के नाम, जिला अधिकारी, सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अनगिनत ज्ञापन दिए जा चुके हैं। अकराबाद तहसील के लिए सभी मानक पूरे करता है। समिति के सदस्यों के अनुसार अकराबाद को तहसील बनाने के लिए निरंतर प्रदर्शन चलता रहेगा। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से डा. विवेकक उपाध्याय, डा. रामप्रकाश तौमर,संजय शर्मा,नरेश वर्मा, गोपाल शर्मा चाय बाले, सुरेश यादव, अशोक शर्मा, विवेक शर्मा,बिशाल शर्मा, नदीम अहमद,भोला यादव,छोटू यादव, डा. आकाश,राजेंद्र दिवाकर,देवेंद्र शर्मा, बिशाल सिंह, गुड्डु सुनार, , नेकराम बघेल, सोनू शर्मा आदि क्षेत्र वासी रहे।

# चितरौली के निकट सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत साथी गंभीर



लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अकराबाद - थाना क्षेत्र में नानऊ चितरौली बाया रजबहा लिंक रोड पर सड़क हादसे में कासगंज के एक बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। जनपद कासगंज के थाना अमापुर के गांव सहरई निवासी मेनुद्दीन पुत्र नत्थू खां की छर्रा के किला निवासी जैनुद्दीन के यहां ननिहाल थी। मेनुद्दीन 15 दिन पूर्व अपने घर से छर्रा ननिहाल में आया था और तभी यहां रह रहा था। वह अपने मामा के लड़के यामीन के साथ बाइक द्वारा अपनी रिश्तेदारी में गांव चितरौली जा रहा था। जैसे ही उनकी बाइक रास्ते में नानऊ चितरौली के बीच पहुंची तभी किसी अज्ञात वाहन की चपेट में उसकीशशं बाइक आगई।हादसे में मैनुद्दीन ( 50 ) की मौके पर मौत हो गई जबकि हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके ममेरे भाई यामीन को घायलावस्था में असफल में भर्ती कराया है। मैनुद्दीन ने अपने पीछे पत्नी नाजिम,बेटी सिमरन, खुशी व बेटा सलीम,अफजाल को रोते विलखते छोड़ा है। पुलिस ने मैनुद्दीन के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सोंप दिया है।

# जिलाधिकारी ने पी0ई0टी0 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर लिया जायजा



प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- लक्मननगर श्रावस्ती!प्रदेश शासन द्वारा प्राम्भिक अर्हता परीक्षा ( पी0ई0टी0 ) को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, नकल विहीन एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया,उन्होंने विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत क्रमश: जनता इण्टर कालेज पटना खरगौरा,अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज भिनगा एवं राजा वीरेन्द्रकान्त सिंह डिग्री कालेज,भिनगा सहित जिले अन्य कई परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण कर जायजा लिया तथा सुचितापूर्ण ढंग से नकल विहीन परीक्षा कराने हेतु व्यवस्था में लगे स्टेटिक/सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं केन्द्र व्यवस्थापक को निर्देश दिया।इस दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्र के कक्षों में पहुंचकर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के मंशानुरूप परीक्षा कराये जाने हेतु,अधिकारियों,कक्ष निरीक्षकों आदि को निर्देशित किया।परीक्षा केन्द्रों पर लगाये गये सी0सी0टी0वी0 कैमरों का जायजा लिया तथा कन्ट्रोल रूम में में पहुंच कर कक्षवार सी0सी0टी0वी0 कैमरों के संचालन का स्क्रीन का अवलोकन कर जायजा लिया।

जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान जनता इण्टर कालेज पटना खरगौरा में स्टेटिक मजिस्टेट/जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी, अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज में स्टेटिक मजिस्टेट/श्रम प्रवर्तन अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, राजा वीरेन्द्रकान्त सिंह डिग्री कालेज भिनगा में स्टेटिक मजिस्टेट जिला आबकारी अधिकारी पी0के0 गिरी,उपनिदेशक कृषि कमल कटियार सहित अन्य मजिस्टेट एवं केंद्र व्यवस्थापक गण उपस्थित रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- लक्मननगर श्रावस्ती! जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा तहसील भिनगा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रावस्ती ने किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे आए हुए,फरियादियों की समस्याओं को सुनकर एवम् उनका निराकरण करने हेतु,सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किये तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का यथाशीघ्र निस्तारण कराने हेतु,निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

www.knlslive.com

# बरगद का पेड़ गिरने से कई लोग हुये बेघर

लंकीन प्रसाद वर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-जमुनहा श्रावस्ती बिकास खंड जमुनहा ग्राम पंचायत हरदत्त नगर गिरन्ट के मौजा तेन्दुवा बराव मे अभी हाल मे हुई अत्यधिक बारिश के कारण गांव मे लगा विशाल बरगद का पेंड़ गिर गया जिसके कारण सुन्दर सिंह पुत्र शम्भू सिंह,गुड्डू सिंह पुत्र भगमल सिंह,अनीता देवी पत्नी फीरोज़ सिंह व सिताब सिंह पुत्र जसमत सिंह का मकान बरगद का पेंड़ गिरने से पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है जिससे पीड़ित लोग बहुत परेशान है सुन्दर सिंह कहते है

की एक तो बेमौसम बारिश से पूरी फसल बर्बाद हो गयी साथ ही पेड़ गिरने से मकान पूरी तरह बर्बाद हो गया है हम लोग अब बेघर हो गए है प्रशासन से गुजारिश है की मौके की जाँच कराकर विषम परिस्थितियों मे सहयोग करे।।

# धनीपुर ए दल नगर मैं गलियों का विकास कार्य अति शीघ्र कराएं नगर निगम की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह वार्ड नंबर 36 धनीपुर क्षेत्र मोहल्ला एडल नगर दौरा किया जनता की समस्याएं देखी और जनता की समस्याएं सुनी रास्ता ओं को देखा गलियों को देखा मोहल्ला ए दल नगर के नागरिकों ने बताया है कि इस सड़क की न बनने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है बहुत छोटी सी सड़क है इसकी लंबाई 50 मीटर के आसपास है चौड़ाई 12 फुट के आसपास है इस संबंध में संबंधित विभाग को अवगत करा दिया गया है लेकिन नगर निगम की तरफ से अभी तक रास्ता को बनवाने के लिए पहल नहीं की गई है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने क्षेत्र की जनता को आश्वासन दिया है किं नगर निगम के अधिकारियों से मिलकर इस समस्या का समाधान कराने की कोशिश करेंगे प्रयास करेंगे इस रास्ते का निर्माण कार्य अतिशीघ्र हो उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि ऐसी छोटी-छोटी रास्ता ओं को अतिशीघ्र बनवाएं लापरवाही विकास कार्य के नाम पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी समझ लो उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है इसमें लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# मनबड़ो ने किया अवैध कब्जा,उप जिलाधिकारी को ज्ञापन, न्याय की उम्मीद

तौफ़ीक़ खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा आवंटित जमीन पर सिहोरवा ग्राम प्रधान प्रतिनिधियों के द्वारा जबरन जल निगम के पानी टंकी का निर्माण करवाया जा रहा है जिससे क्षुब्ध होकर लगभग दर्जनभर ग्रामीणों ने आज उप जिलाधिकारी राजा तालाब कहां पहुंच कर ज्ञापन दिया वह कार्य को तत्काल रुकवाने की मांग की। इस संबंध में स्थानीय जनता ने कहा कि पूर्व के सरकार के द्वारा आवंटित यह जमीन पर हमें कृषि कार्य हेतु दिया गया था जिस पर लगातार मानपुर लोगों के द्वारा कब्जे के नियत से कुछ ना कुछ कार्य करवाया जा रहा है जिसका हम लोग लगातार विरोध कर रहे हैं

# मरवाही में कृषि उपकरण की चोरी के आरोपी आए पुलिस की गिरफ्त में



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मरवाही-एक आरोपी उपकरण एवं मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार थाना मरवाही अपराध क्रमांक 249/22 धारा 379, 34 भादवि आरोपी-1 मनीष लोनिया पिता जमुना लोनिया उम्र 30 साल साकिन परासी मामला थाना मरवाही का है प्रार्थी प्रदीप कुमार गुप्ता पिता विजय गुप्ता निवासी लोहारी के द्वारा आज उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि में यह अपने किराना दुकान को बंद करके घर लोहारी आ गया था।

दुकान के बगल में ट्रैक्टर का केजविल रखा हुआ था रात्रि करीब 11=30 बजे चलचली का गणेश केवट फोन कर बताया कि लोहे के केजविल को दो लोग उठाकर चोरी कर मोटरसाइकिल में ले जा रहे थे जिन्हें दौड़ाए तो वे लोग भाग गए। मोटरसाइकिल का no cg-10 ak 5159 है। रिपोर्ट पर से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी मरवाही के द्वारा घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, पुलिस अधीक्षक श्री यू. उदय किरण* के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगावकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मरवाही को प्रकरण में आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तारी के निर्देश दिए। थाना मरवाही की टीम के द्वारा मोटर साइकिल के नंबर के आधार पर ग्राम परासी के मनीष लोनिया पिता जमुना प्रसाद लोनिया को दस्तयाब कर घटना के संबंध में पूछताछ किया गया जो अपने साथी कौशल लोनिया के साथ केजबिल चुराना स्वीकार किया। जो आरोपी मनीष लोनिया पिता जमुना लोनिया उम्र 30 साल साकिन परासी से केजबिल एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल cg-10 ak 5159 जप्त किया जाकर आरोपी का न्यायिक रिमांड लिया गया है। घटना के बाद से एक आरोपी कौशल लोनिया फरार है जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# विधायक ब्लाक प्रमुख ने किसानों को बांटी बीज किट



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर - शनिवार को ब्लॉक परिसर मुख्यालय पर कृषि विभाग की ओर से मिनी बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक श्री चेतराम ब्लॉक प्रमुख श्री नमित दीक्षित, भाजयुमो जिला महामंत्री श्री विजयशंकर अवस्थी सोनू ने किसानों को डी कंपोजर, सरसों की मिनी बिस्किट के पैकेट वितरित किए, इस मौके पर राम प्रकाश मिश्रा सुआ, क्षेत्र पंचायत सदस्य विनोद वर्मा, भाजपा युवा नेता अन्नू ठाकुर, रज्जन मिश्र, शोभित पांडे, मुनीश कुमार, दीपक दीक्षित, राजपाल गुप्ता, संजीव वाजपेयी, रामौतार आदि तमाम लोग मौजूद रहे।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com


# नेहरु युवा केन्द्र बरेली द्वारा मनाया गया विश्व ग्लोबल हैण्ड वाशिंग- डे



राजेश यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-आंवला/अंतर्राष्ट्रीय हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर हाथों की स्वच्छता को लेकर नेहरू युवा केन्द्र बरेली की जिला युवा अधिकारी पुष्पा सिंह जी के दिशानिर्देश पर ब्लॉक रामनगर के ग्राम पंचायत सोना में कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें एनवाईवी सुमिता गौतम आंगनवाड़ी कार्यकत्री सरोज शिक्षामित्र एकता शर्मा ने बताया कि ग्लोबल हैंडवॉशिंग डे मनाने के पीछे की मंशा है हाथों की गंदगी से होने वाली बीमारी जैसे डायरिया, आंख और त्वचा संबंधी बीमारियों से बचाव करना। अब तो कोरोना संक्रमण काल ने हाथ धोते रहने की प्रवृत्ति को और भी आगे बढ़ाने का काम किया । डॉक्टरों की मानें तो हमारे हाथों में न जाने कितनी अनदेखी गंदगी छिपी होती है, जो किसी भी वस्तु को छूने, उसका इस्तेमाल करने और कई तरह के रोजमर्रा के कामों के कारण होती है, यह गंदगी बगैर हाथ धोए कुछ भी खाने-पीने से शरीर में पहुंच जाती है और कई तरह की बीमारियों को जन्म देती है। ग्लोबल हैंडवॉशिंग डे कार्यक्रम में जिला बरेली के सभी वालेंटियरो ने ग्रामीण अंचलों में जा जा कर कार्यक्रम किये है इस मौके पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री सरोज अनीता देवी आशा शारदा देवी शिक्षक अंकित कुमार एकता शर्मा सुमिता गौतम साक्षी गौतम पायल नैना सोनिया सिद्धार्थ गौतम एवं युवती एवं युवा मंडल के सभी सदस्यों ने भाग लिया ।

# आलम पुर कोट में दौड़ प्रतियोगिता



राजेश यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-आंवला/सिरौली के आज ग्राम आलमपुर कोट में दौड़ प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसका युवा दिलो की धड़कन श्री अरविंद यादव जिला पंचायत सदस्य ने फ़ीता काट कर शुभारम्भ किया। इसमें तरह तरह की प्रतियोगिता हुई। जिसमें 200 मीटर की प्रतियोगिता में टीटू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और 1600 मीटर में कमल ने पहला स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर में अवनीश यादव ने पहला स्थान प्राप्त किया और लंबी कूद प्रतियोगिता में उदयपाल ने सबसे लंबी कूद लगायी । इसके साथ कमेटी के सदस्य दंगल सिंह यादव, गोविंद राम लोधी, उमेश लोधी, अखिलेश यादव, मनोज लोधी, विजय सिंह लोधी, सूरज आर्य जी आदि उपस्थित रहे।